# अतिरिक्त भाषाओं में Pathways परियोजनाओं का उपयोग करने हेतु लघु प्रारंभिक मार्गदर्शिका का प्रयोग करें

**यह लघु प्रारंभिक मार्गदर्शिका अंग्रेजी के सीमित ज्ञान वाले सदस्यों के लिए अनुशंसित है, या जो पहले से Base Camp (बेस कैंप) से परिचित हैं। सीमित अंग्रेजी ज्ञान वाले सदस्यों के लिए, या जो Base Camp (बेस कैंप) से परिचित नहीं हैं, कृपया विस्तृत मार्गदर्शिका देखें।**

## विषयसूची


**परिचय** ..... 2

**पथ विवरण** ..... 2

**कैसे हिन्दी भाषा में परियोजना का पीडीएफ खोजें** ..... 4

**नवीन Pathways (पाथवेज) स्तर 1** ..... 5

**कैसे हिन्दी भाषा पीडीएफ परियोजना को पूर्ण करने का श्रेय पाएँ** ..... 6

**अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में, स्तर पूर्ण करने का श्रेय कैसे प्राप्त करें** ..... 9

**अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में, पथ पूर्ण करने का श्रेय कैसे प्राप्त करें** ..... 11


**इस पथदर्शिका का उपयोग करने के बाद,** कृपया हमें अपने अनुभव बताएँ। त्वरित 1 मिनट के सर्वेक्षण में अपनी प्रतिक्रिया साझा करें और संसाधनों में सुधार जारी रखने में Toastmasters International (टोस्टमास्टर्स इंटरनेशनल) की सहायता करें।


This Hindi translation of 922 Quick Start Guide to Using Pathways in Additional Languages was prepared by an independent Translation and Review team consisting of Toastmasters International members on an unpaid volunteer basis. It has not been assessed by Toastmasters International World Headquarters. Toastmasters International World Headquarters is not responsible for quality, accuracy, errors, omissions, or any potential legal issues that may arise from use of these materials.

HI922-अतिरिक्त भाषाओं में Pathways (पाथवेज़) परियोजनाओं के उपयोग हेतु लघु प्रारंभिक मार्गदर्शिका, यह हिंदी अनुवाद एक स्वतंत्र अनुवाद और समीक्षा दल द्वारा तैयार किया गया था जिसमें स्वेच्छा से अवैतनिक आधार पर Toastmasters International के सदस्य शामिल थे। इसका आंकलन Toastmasters International वैश्विक प्रधान कार्यालय ने नहीं किया है। Toastmasters International वैश्विक प्रधान कार्यालय गुणवत्ता, सटीकता, त्रुटियों, चूक, या इन सामग्रियों के उपयोग से उत्पन्न होने वाले किसी भी संभावित न्यायालय-संबंधी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं है।

**TOASTMASTERS INTERNATIONAL**

www.toastmasters.org



© 2021 Toastmasters International सर्वाधिकार सुरक्षित। Toastmasters International, Toastmasters International के चिन्ह, अन्य सभी Toastmasters International व्यापार-चिह्न एवं प्रतिलिप्याधिकार Toastmasters International की एकमात्र संपत्ति हैं और मात्र अनुमति के द्वारा ही उपयोग किया जा सकता है।



Rev. 10/2021 वस्तु HI922

## परिचय

यह पथदर्शिका अरबी, सरलीकृत चीनी, पारंपरिक चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, पुर्तगाली, स्पेनिश या तमिल में Pathways(पाथवे) परियोजनाओं पर प्रयोज्य नहीं होती है। इन भाषाओं में विक्रय के लिए डिजिटल प्रतिलिपियाँ पाथवे पर उपलब्ध हैं।

कुछ Pathways(पाथवे) परियोजनाओं को एक या अधिक जिला अनुवाद समूहों द्वारा हिन्दी भाषा में अनुवादित किया गया है। ये परियोजनाएँ Base Camp (बेस कैंप) से डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ के रूप में उपलब्ध हैं। वर्तमान में पूर्ण डिजिटल प्रतिलिपि हिन्दी भाषा में उपलब्ध नहीं है।

हिन्दी भाषा में परियोजनाओं, स्तरों और पथों को पूरा करने के श्रेय को प्राप्त करने के लिए, आपको अंग्रेजी में डिजिटल पथ (या किसी भी उपलब्ध भाषा) को खरीदना होगा और Base Camp(बेस कैंप) के भीतर परियोजनाओं, स्तरों और पथ को चिह्नित करना होगा। यह आपको अंग्रेजी के लिए भाषा पीडीएफ परियोजनाओं को स्थानापन्न करने की अनुमति देगा। अपने समूह अधिकारियों को सूचित करें कि आप हिन्दी भाषा में परियोजनाएँ पूरी कर रहे हैं।

नीचे आपको प्रत्येक पथ का विवरण दिखाई देगा। संभवतः पथ की सभी परियोजनाएँ हिन्दी भाषा में उपलब्ध नहीं हो। आपको विचार करना चाहिए कि आपके लक्ष्यों और आवश्यकताओं के अनुसार कौन सा पथ उचित होगा। हिन्दी भाषा में परियोजना की उपलब्धता की जाँच करने के लिए, **यहाँ दबाएँ।**

## पथ विवरण



**गतिशील नेतृत्व**

यह पथ आपको एक रणनीतिक नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ नेतृत्व और संचार शैलियों, एक समूह पर संघर्ष के प्रभाव और समझ और प्रत्यक्ष संघर्ष के लिए आवश्यक कौशल पर ध्यान केंद्रित करती हैं। ये परियोजनाएँ संगठन या समूह, पारस्परिक संचार और सार्वजनिक रूप से बोलने परिवर्तन की सुविधा के लिए रणनीतियों के विकास पर भी जोर देती हैं। यह पथ आपके नेतृत्व कौशल को प्रयोज्य कर पर केंद्रित परियोजना में समाप्त होता है।



**प्रभावी प्रशिक्षण**

यह मार्ग आपको एक सकारात्मक संचारक और नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में मदद करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ आम सहमति को समझने और बनाने, प्रशिक्षण द्वारा दूसरों के विकास में योगदान देने और दृढ़तापूर्वक सार्वजनिक रूप से बोलने के कौशल को स्थापित करने पर केंद्रित हैं। प्रत्येक परियोजना प्रभावी पारस्परिक संचार के महत्व पर जोर देती है। यह पथ आपके नमूने  की "उच्च प्रदर्शन नेतृत्व" परियोजना में परिणत होता है।



**हास्य मनोहन**

यह पथ आपको एक कुशल सार्वजनिक वक्ता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस मा पर परियोजनाएँ सीखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं कि एक श्रोता विभिन्न प्रकार के हास्य के प्रति प्रतिक्रिया करता है औ हास्य के साथ संदेश देने की आपकी क्षमता में सुधार करता है। परियोजनाओं में प्रभावी सार्वजनिक रूप से की तकनी भाषण लेखन, भाषण वितरण और हास्य कहानियों का उपयोग करने की समझ विकसित करने में योगदान होता है। य पथ एक विस्तारित भाषण में समाप्त होता है जो आपने सीखा है उसे प्रयोज्य करने की अनुमति देगा।



**अभिनव योजना**

यह पथ आपको एक सार्वजनिक वक्ता और नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। जब आप, भाषण लेखन और भाषण प्रस्तुतीकरण, प्रस्तुत करते हैं तो इस पथ की परियोजनाएँ श्रोता सदस्यों के साथ एक दृढ़ संबंध विकसित करने पर केंद्रित होती हैं। परियोजनाएँ, एक परियोजना के प्रबंधन के चरणों की समझ विकसित करने में योगदान देती हैं, साथ ही साथ अभिनव समाधान की भी रचना करती हैं। यह पथ आपके नमूने के "उच्च प्रदर्शन नेतृत्व" परियोजना में परिणत होता है।



**नेतृत्व विकास**
यह पथ आपको एक प्रभावी संचारक और नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ समय का प्रबंधन करने के साथ-साथ योजना को कैसे विकसित और क्रियान्वित करें, यह सीखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। सभी परियोजनाओं में सार्वजनिक रूप से बोलने और एक दल का नेतृत्व करने पर बल दिया जाता है। यह पथ एक घटना की योजना और निष्पादन में परिणत होता है जो आपके द्वारा सीखी गई, प्रत्येक बात को प्रयोज्य करने की अनुमति देगा।



**प्रेरक रणनीतियाँ**
यह पथ आपको एक शक्तिशाली और प्रभावी संचारक के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। परियोजनाएँ अपने आस-पास के व्यक्तियों के साथ संलग्न होने, उनकी प्रेरणा को समझने और कार्यों को पूरा करने के लिए छोटे समूहों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के लिए, सीखने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इस पथ का एक व्यापक दल-निर्माण परियोजना में परिणत होता है जो आपके सभी कौशलों को एक साथ लाता है- जिसमें सार्वजनिक भाषण भी शामिल है।



**प्रेरक प्रभाव**
यह पथ आपको एक अभिनव संचारक और नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ दृढ़ पारस्परिक संचार और सार्वजनिक रूप से बोलने के कौशल के निर्माण के साथ सकारात्मक परिणाम पर वार्तालाप करने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करती हैं। प्रत्येक परियोजना जटिल परिस्थितियों में उपयोग करने के लिए नेतृत्व कौशल विकसित करने पर बल देती है, साथ ही चुनौतियों का अभिनव समाधान भी बनाती है। यह पथ आपकी परियोजना के नमूने के "उच्च प्रदर्शन नेतृत्व" के साथ परिणत होता है।



**प्रस्तुतीकरण दक्षता**
यह पथ आपको एक कुशल सार्वजनिक वक्ता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ, यह सीखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं कि एक श्रोता कैसे आपके प्रति प्रतिक्रिया करता है और श्रोता सदस्यों के साथ अपने संबंध को बेहतर बनाता है। परियोजनाएँ, भाषण लेखन और भाषण प्रस्तुतीकरण सहित प्रभावी सार्वजनिक रूप से तकनीक की समझ विकसित करने में योगदान देती हैं। यह पथ एक विस्तारित भाषण में परिणत होता है जो आपने सीखा है उसे क्रियान्वित करने की अनुमति देगा।



**रणनीतिक संबंध**
यह पथ आपको संचार के क्षेत्र में एक नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ विविधता को समझने, विभिन्न लोगों के साथ व्यक्तिगत और/या व्यवसायिक संबंध बनाने और सार्वजनिक संबंध रणनीति विकसित करने पर केंद्रित हैं। प्रत्येक परियोजना में आपको एक सार्वजनिक वक्ता के रूप में संवाद करना होता है । एक स्वयंसेवी संगठन में एक नेता के रूप में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के साथ इस परियोजना में परिणत होता है।




**मंडली सहयोग**
यह पथ सहयोगी नेता के रूप में आपके कौशल का निर्माण करने में आपकी सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ सक्रिय रूप से सुनने, दूसरों को प्रेरित करने और एक दल के साथ सहयोग करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। प्रत्येक परियोजना पारस्परिक संचार और सार्वजनिक रूप से कौशल के निर्माण में योगदान देती है। यह पथ आपके नेतृत्व कौशल को प्रयुक्त करने पर केंद्रित परियोजना में परिणत होता है।




**दूरदर्शी संचार**
यह पथ आपको एक रणनीतिक संचारक और नेता के रूप में अपने कौशल का निर्माण करने में सहायता करता है। इस पथ पर परियोजनाएँ एक समूह के साथ जानकारी साझा करने, संचार की योजना बनाने और अभिनव समाधान बनाने के लिए अपने कौशल को विकसित करने पर केंद्रित हैं। प्रत्येक परियोजना में भाषण लेखन और भाषण प्रस्तुतीकरण पर बल दिया जाता है। यह पथ एक दीर्घकालिक व्यक्तिगत या व्यावसायिक दृष्टि के विकास और प्रक्षेपण में परिणत होता है।

# कैसे हिन्दी भाषा में परियोजना का पीडीएफ खोजें

1. एक अंग्रेजी डिजिटल पथ खरीदें।
2. Base Camp (बेस कैंप) में प्रवेश करें।
3. शिक्षण और संसाधन (Tutorials and Resources) पर गमन करें।
4. नीचे खुली सूची  शिक्षण और संसाधन (Tutorials and Resources) पर दबाएँ।




5. शिक्षण और संसाधन (Tutorials and Resources) खुलेगा।
6. विषय (Subject) सूची पर, अतिरिक्त भाषाओं में पथ परियोजनाएं (Pathways Projects in Additional Languages) पर दबाएँ।
7. हिन्दी (Hindi) पर दबाएँ।




8. अपनी इच्छित परियोजना पर दबाएँ, प्रक्षेपण करें, और अपने यन्त्र (डिवाइस) पर पीडीएफ डाउनलोड करें।


## नवीन Pathways (पाथवेज) स्तर 1

1. नवीन स्तर 1 पाथवे परियोजना **मात्र** अंग्रेजी में प्रकाशित की गयी हैं।
    a. नवीन परियोजनाएँ 27 अक्टूबर, 2021 के **बाद** चुने गए सभी अंग्रेजी डिजिटल पथों में दिखाई देंगी।
    b. यह 27 अक्टूबर, 2021 से **पहले** चुने गए अंग्रेज़ी डिजिटल पथों पर लागू **नहीं** होता है।
    c. यह अनुवादित डिजिटल पथों पर लागू **नहीं** होता है।


| **Pathways (पाथवेज) स्तर 1** (अंग्रेज़ी डिजिटल पथ 27 अक्टूबर, 2021 से पहले चयनित) | **नवीन Pathways (पाथवेज) स्तर 1** (अंग्रेज़ी डिजिटल पथ 27 अक्टूबर, 2021 के बाद चयनित) | **नवीन** स्तर 1 परियोजनाओं के लिए, एक अंग्रेज़ी डिजिटल पथ का उपयोग करके, हिन्दी पीडीएफ परियोजनाओं में स्तर १ को पूरा करने पर श्रेय कैसे प्राप्त करें: |
|---|---|---|
| प्रदार्पण | प्रदार्पण | a. अपने हिन्दी **प्रदार्पण** पीडीएफ को पूर्ण करें। परियोजना<br>b. अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में प्रदार्पण परियोजना को पूर्ण चिह्नित करें (अनुभाग "हिन्दी पीडीएफ परियोजना को पूरा करने पर श्रेय कैसे प्राप्त करें" देखें)। |
| मूल्यांकन व प्रतिपुष्टि | मूल्यांकन व प्रतिपुष्टि | c. अपने हिन्दी **मूल्यांकन व प्रतिपुष्टि** पीडीएफ परियोजना को पूर्ण करें।<br>d. अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में **मूल्यांकन व प्रतिपुष्टि** परियोजना को पूर्ण चिह्नित करें (अनुभाग "हिन्दी पीडीएफ परियोजना को पूरा करने पर श्रेय कैसे प्राप्त करें" देखें)। |
| शोध और प्रस्तुति | उद्देश्य के साथ भाषण लिखना<br><br>स्वर विविधता और शारीरिक हाव - भाव का परिचय | e. अपने हिन्दी **शोध और प्रस्तुति** पीडीएफ परियोजना को पूर्ण करें।<br>f. शेष दो परियोजनाओं को चिह्नित करें, **उद्देश्य के साथ भाषण लिखना** और **स्वर विविधता** और **शारीरिक हाव - भाव** का परिचय, अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में पूरा करें (देखें अनुभाग "हिन्दी पीडीएफ परियोजना को पूरा करने के लिए श्रेय कैसे प्राप्त करें")।<br>g. स्तर 3 ऐच्छिक के अंतर्गत **शोध और प्रस्तुति** का अंग्रेजी डिजिटल संस्करण पाया जा सकता है (देखें अनुभाग "अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में एक स्तर के लिए श्रेय कैसे प्राप्त करें")। आप इसे अपने स्तर 3 ऐच्छिक में से एक के रूप में उपयोग नहीं कर सकते हैं।<br>h. अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में एक स्तर के लिए श्रेय कैसे प्राप्त करें" अनुभाग में निर्देशों के साथ सामान्य रूप से जारी रखें। |

## कैसे हिन्दी भाषा पीडीएफ परियोजना को पूर्ण करने का श्रेय पाएँ

1. Base Camp (बेस कैंप) में प्रवेश करें।
2. अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ की ओर गमन करें।
3. आपके द्वारा हिन्दी भाषा में पूर्ण की गयी परियोजना प्रक्षेपित करें।
4. जब परियोजना का पृष्ठ खुलता है तो पृष्ठ के नीचे स्थित नीचे खुलने वाली सूची के अधोमुखी तीर पर दबाएँ।
5. कौशलता का आकलन - पश्चात (Assess Your skills – After) अंतिम विकल्प पर दबाएँ।




6. किसी भी संख्या पर दबाएँ। और प्रत्येक प्रश्न के लिए अगला (NEXT) बटन पर दबाएँ। (बाएँ तीर के चिन्ह पर नहीं )
7. जब लाल सौंपे (SUBMIT) बटन दिखाई दे, तो सौंपे (SUBMIT) बटन दबाएँ।




8. प्रतिपुष्टि (FEEDBACK) गवाक्ष (विंडो) दिखाई देगी।
9. टैब या गवाक्ष (विंडो) बंद करें।

10. एक कोष्ठ (चेक बॉक्स) मुख्य पथ पाठ्यक्रम पृष्ठ पर दिखाई देगा। बाईं ओर पूर्ण प्रतिशत बढ़ेगा, जो पथ और स्तर की पूर्णता का संकेत देगा।





11. आपको परियोजना पूर्ण रूप से चिह्नित होने की पुष्टि करने के लिए, अंग्रेजी में, एक ई-पत्र (ईमेल) प्राप्त होगा।
12. हिन्दी भाषा में पूर्ण की गई प्रत्येक परियोजना के लिए उपरोक्त चरणों को दोहराएँ।


-.-.-.-.-.-.-.-.-.-.-.-.-.-.-.-

# अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में, स्तर पूर्ण करने का श्रेय कैसे प्राप्त करें

1. Base Camp(बेस कैंप) में प्रवेश करें।
2. अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ की ओर गमन करें।
3. उस स्तर पर गमन करें जिसे आप पूर्ण करना चाहते हैं।
4. परियोजनाओं के अंतर्गत स्तर की पूर्णता (Level # Completion) को खोजें , स्तर की पूर्णता पंजीकृत (Registered) होगी।
5. स्तर पूर्ण प्रक्षेपित करें।




6. अंग्रेजी पीडीएफ नए टैब या गवाक्ष(विंडो) में खुलेगा। इसे अस्वीकृत करें और टैब या गवाक्ष(विंडो) बंद करें।
7. नीले रंग के पूर्ण करें (Mark Complete) बटन को दबाएँ।





8. Club Central (क्लब सेंट्रल) में आपको श्रेय देने के लिए अपने समूह अधिकारी को स्मरण कराएँ।

# अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ में, पथ पूर्ण करने का श्रेय कैसे प्राप्त करें

1. Base Camp(बेस कैंप) में प्रवेश करें।
2. अपने अंग्रेजी डिजिटल पथ की ओर गमन करें।
3. स्तर पूर्ण करें (Path Completion) पर दबाएँ।
4. अपने पथ पर चिंतन (Reflect on Your Path) प्रक्षेपित करें।
5. नीचे खुलने वाली सूची पर अधोमुखी तीर पर दबाएँ।
6. कौशलता का आकलन - पश्चात (Assess Your skills – After) पर दबाएँ - यह अंतिम विकल्प है।




7. किसी संख्या पर दबाएँ और प्रत्येक प्रश्न के लिए अगला (NEXT) बटन दबाएँ (बाएँ तीर के चिन्ह पर नहीं)।
8. जब लाल सौंपे (SUBMIT) बटन दिखाई दे, तो सौंपे (SUBMIT) बटन दबाएँ।





9. प्रतिपुष्टि (FEEDBACK) गवाक्ष (विंडो) दिखाई देगी।
10. टैब या गवाक्ष (विंडो) बंद करें।


11. एक कोष्ठ(चेक बॉक्स) मुख्य पथ पाठ्यक्रम पृष्ठ पर दिखाई देगा। बाईं ओर पूर्ण प्रतिशत बढ़ेगा, जो पथ और स्तर की पूर्णता का संकेत देगा।
12. परियोजना पूर्ण होने की पुष्टि करने के लिए, आपको अंग्रेजी में, एक ई-पत्र(ई मेल) प्राप्त होगा।
13. पथ पूर्ण करें (Path Completion) प्रक्षेपित करें।



14. अंग्रेजी पीडीएफ नए टैब या गवाक्ष(विंडो) में खुलेगा। इसे अस्वीकृत करें और टैब या गवाक्ष (विंडो) बंद करें।.
15. नीले रंग के पूर्ण करें (Mark Complete) बटन पर दबाएँ।



16. एक ई-पत्र (ई पत्र), आपको स्वचालित रूप से आपके उपाध्यक्ष शिक्षा (VPE) या समूह ई-पत्र(ई मेल) पर भेजा जाता है। आपके समूह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष शिक्षा (VPE) या सचिव को स्तर पूर्ण चिह्नित करना चाहिए।
17. जब एक समूह अधिकारी ने आपका पथ को पूरा चिह्नित किया है तो मुख्य पथ पाठ्यक्रम पृष्ठ पर एक कोष्ठ दिखाई देगा और पथ पूर्ण(Completed) हो जायेगा। पूर्णता प्रतिशत 100% में बदल जाएगी।
18. अब आपका पूर्ण किया पथ और सीखना (Paths and Learning) के पूर्ण (Completed) पृष्ठ पर स्थित होगा।




19. Club Central (क्लब सेंट्रल) में आपको श्रेय देने के लिए अपने समूह अधिकारी को स्मरण कराएँ।